तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026

04 सुरमाल साहू समाज परिक्षेत्र क्रमांक 1 का हुआ शपथ...



04 सांसद ने पीएम आवास हितग्राहियों को अनुज्ञा ...





## प्रयास में प्रवेश के मॉक टेस्ट का अवलोकन करने पहुंचे आयुक्त वासनीकर और कमिश्नर कावरे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

विकासखंड बागबाहरा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीडबरी में कक्षा 09वीं में प्रवेश के लिए संचालित प्रयास प्रवेश परीक्षा के लिए आयोजित मॉक टेस्ट का आयुक्त विभागीय जांच छत्तीसगढ़ शासन दिलीप वासनीकर एवं कमिश्नर रायपुर संभाग महादेव कावरे द्वारा रविवार को अवलोकन किया गया। अधिकारीद्वय ने परीक्षा केंद्र में पहुंचकर संपूर्ण व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा परीक्षा की पारदर्शिता एवं अनुशासन की सराहना की। अवलोकन के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी तैयारी, विषयगत समझ एवं आत्मविश्वास का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यार्थियों को परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स एवं प्रभावी रणनीतियां प्रदान की। विशेष रूप से गणित विषय के विभिन्न प्रश्न पूछकर उनकी अवधारणात्मक समझ को परखा तथा जटिल प्रश्नों को सरल एवं सहज विधि से समझाते हुए विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। इससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं उत्साह का संचार हुआ।



अधिकारी द्वय ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के मॉक टेस्ट विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसे नवाचारपूर्ण प्रयास निरंतर जारी रखे जाएँ, ताकि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण प्राप्त हो सके। उल्लेखनीय है कि उक्त मॉक टेस्ट में महासमुंद जिले के साथ-साथ दूरस्थ जिलों रायपुर, गरियाबंद, बलौदाबाजार एवं धमतरी से भी विद्यार्थियों ने सहभागिता दर्ज कराई। कुल 456 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया, जिनमें से 410 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। प्रयास मॉक टेस्ट का आयोजन विद्यार्थियों की पूर्व तैयारी का मूल्यांकन करने एवं उन्हें वास्तविक परीक्षा के अनुरूप अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया है। इस परीक्षा में विज्ञान, गणित, सामान्य विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी, मानसिक योग्यता एवं सामान्य ज्ञान जैसे विषयों से कुल 100 प्रश्न सम्मिलित किए गए हैं, जिससे विद्यार्थियों की समग्र तैयारी का आकलन संभव हो सके।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, एबीईओ रामता मन्नाडे, प्राचार्य केएस सबर, संकुल समन्वयक मनोज चंद्राकर, आयोजक शिक्षक जितेंद्र दीवान, बिशंबर सिंह ठाकुर, वीरेंद्र कर, व्यास नारायण बंजारे, रविशंकर पटेल, कामेश्वरी साहू, देवेंद्र साहनी, केदार साहू, धनेश्वर साहू, राजेंद्र साहू, अश्विनी दीवान, देवेंद्र दीवान, देव पटेल, गुरुदत्त पटेल, अनिल चक्रधारी, मोहिंदर पांडे, किरण पटेल, सरिता पटेल, कमल साहू, अजय, भूषण साहू, लुकेश ध्रुव, थानेश्वर पटेल, दयाराम चक्रधारी, उमेश साहू, विनोद साहू, राजू लाल कुर्रे, परसराम ठाकुर, संतोष चंद्राकर, झगेश लोकनाथ, दौलतराम दीवान, कृष्ण कुमार देवांगन, आत्माराम दीवान, दिनेश नायक, राजू साहू, छोटू निषाद सहित समस्त शिक्षकों का इस आयोजन में सहयोग रहा।

छ.ग.-प्री.बी.एड.
प्रवेश परीक्षा 2026
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि
24/04/2026
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

### खबर संक्षेप




### कार की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** नरतोरा इंग्लिश मीडियम स्कूल के पास एक बाइक चालक कार की टक्कर से घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर पटेवा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि बरभांठा का कुंजल कोसरिया 11 अप्रैल को अपनी मोटर सायकल सोल्ड पल्सर एनएस 160 से दीदी के घर ग्राम डोंगरपाली थाना तेंदूकोना जा रहा था। करीब 12.20 बजे ग्राम नरतोरा के इंग्लिश मीडियम स्कूल के पास सामने से आ रही कार क्रमांक सीजी -12-जेडडी-0169 के चालक योगेश ढीढी ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से एक्सीडेंट कर दिया, जिससे कुंजल कोसरिया मोटर सायकल सहित नीचे गिर गया और उसे सिर, सीने व कान में चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### एक ही कार की टक्कर से दो लोग घायल

**महासमुंद।** एक ही कार की टक्कर से सायकल सवार व स्कूटी चालक घायल हो गए। जन्हें इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मामले को लेकर बसना थाने में दयासागर बारिक ने बताया कि उसके पिताजी रामकृष्ण बारिक ने फोन कर बताया कि सायकल से घर जाते समय करीबन 07.45 बजे जगदीशपुर रोड लक्ष्मी इलेक्ट्रानिक्स के सामने कार क्रमांक सीजी06एचबी2066 के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते एक्सीडेंट कर दिया। मौके पर पहुंचकर प्रार्थी ने अपने घायल पिता को सरकारी अस्पताल बसना में इलाज के लिए भर्ती कराया है। इसके अलावा प्रार्थी पुलिस को बताया कि इसी दौरान पता चला कि उक्त कार क्रमांक सीजी 06 एचबी 2066 के चालक द्वारा हरिओम फल दुकान के सामने बसना में स्कूटी क्रमांक सीजी 06 जीएक्स 5362 को भी ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे स्कूटी चालक विनया साहू को चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

**विडंबना :** सुविधाओं के अभाव में खिलाड़ियों का भविष्य अधर में

## जिला मुख्यालय का एकमात्र मिनी स्टेडियम बदहाली का बना शिकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिला मुख्यालय का एकमात्र मिनी

- मिनी स्टेडियम में बुनियादी सुविधाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय, खिलाड़ियों में भारी निराशा और आक्रोश

स्टेडियम इन दिनों बदहाली के दौर से गुजर रहा है। खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए बनाया गया यह स्टेडियम अब केवल कागजी दावों तक ही सीमित रह गया है। धरातल पर खेल सुविधाओं का भारी अभाव है, जिसके कारण स्थानीय युवा खिलाड़ियों में भारी निराशा और आक्रोश देखा जा रहा है।

मिनी स्टेडियम में बुनियादी सुविधाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय है। मैदान की घास सूख चुकी है और चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है। खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए आने वाले खिलाड़ियों के लिए न तो उचित पानी की सुविधा है और न ही शौचालय की है, वहीं कपड़े चेंज करने के लिए बनाए गए रूमों में तो हमेशा ताला लटका दिखाई देता हैं एवं वहां शराबियों का जमावड़ा देखने को मिल सकता हैं। मिनी स्टेडियम में बीयर की बोतलें एवं शराब की बोतलें टूटे हुए बिखरे पड़े दिखाई देते हैं। साफ-सफाई न होने और पानी की व्यवस्था न होने के कारण सभी खिलाड़ियों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।







### खिलाड़ियों ने बयां किया अपना दर्द

स्टेडियम में नियमित अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों का कहना है कि प्रशासन केवल बड़ी प्रतियोगिताओं के समय ही जागता है। राहुल साहू ने बताया कि दौड़ने के लिए ट्रैक सुरक्षित नहीं है, चोट लगने का डर बना रहता है। विकास सिन्हा का कहना है कि मैदान पर कंकड़-पत्थर बिखरे हुए हैं। हम अपने स्तर पर सफाई करने की कोशिश करते हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई सहयोग नहीं मिलता। वहीं प्रीति निषाद और स्वाति शर्मा ने बताया कि पेयजल और शौचालय की व्यवस्था न होने से उन्हें अभ्यास बीच में ही छोड़कर घर जाना पड़ता है। खिलाड़ियों का कहना है इन कमी के कारण वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी ठीक से नहीं कर पा रहे हैं।

### प्रशासनिक अनदेखी और मांग

प्रशासन की ओर से समय-समय पर मिनी स्टेडियम के जीर्णोद्धार के दावे तो किए जाते हैं, लेकिन बजट और फाइलों के खेल में यह विकास कार्य कहीं गुम हो जाता है। खेल प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि पीने के साफ पानी और स्वच्छ शौचालयों की व्यवस्था की जाए, रात में अभ्यास के लिए हाईमास्ट लाइट लगाई जाए, नियमित सफाई और सुरक्षा गार्ड की तैनाती हो।

## जानलेवा हमला मामले में आरोपियों को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

बीते साल दिसंबर में ग्राम कोचर्रा एक व्यक्ति के ऊपर जानलेवा हमला करने के बाद से फरार दो नाबालिगों सहित तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 04/12/2025 को मोबाईल ले जाने की बात को लेकर प्रीतम ध्रुव को आरोपी रामकुमार यादव व उसके पुत्र के द्वारा गाली गलौज कर मारपीट व अपचारी बालक द्वारा सब्जी काटने वाले चाकू से हत्या करने की नीयत से उसके पीठ में प्राण घातक हमला कर जख्मी कर दिया था। मामले में प्रार्थी भागीरथी ध्रुव पिता महेंद्र सिंह ध्रुव (29 वर्ष) निवासी ग्राम कोचर्रा की रिपोर्ट पर थाना पिथौरा में अपराध क्रमांक 238/2015 धारा 109, 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस ने बताया कि विवेचना के दौरान आरोपी व अपचारी बालक फरार चल रहे थे। 13 अप्रैल को आरोपी रामकुमार यादव व अपचारी बालकों से पूछताछ करने पर उन्होंने प्रीतम ध्रुव पर चाकू से प्राणघातक प्रहार करना बताया और अपचारी बालक द्वारा घटना में प्रयुक्त एक सब्जी काटने वाली चाकू को पेश करने पर जब्त किया गया है। मामले में आरोपी रामकुमार यादव पिता गणेश राम यादव (40 साल) निवासी कोचर्रा थाना पिथौरा जिला महासमुंद को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है, वहीं दो अपचारी बालकों को बाल न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर के विधि सम्मत कार्रवाई किया गया।

## अवैध शराब के कई ठिकानों पर दबिश तीन मामलों में आरोपियों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** जिले की पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री व निर्माण के मामले में तीन लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की है। पुलिस ने ग्राम नूनपानी व बुंदेलाभाठा से अवैध महुआ शराब जब्त किया है। बताया गया है कि सरायपाली में 100 लीटर एवं भंवरपुर में 15 लीटर कुल 115 लीटर अवैध महुआ शराब कीमत 23,000 रुपए और निर्माण सामग्री को जब्त करने के साथ कुल 600 किलो महुआ लाहन पास को मौके पर नष्ट किया गया। जिले में अवैध गतिविधियों और नशे के कारोबार के खिलाफ महासमुंद पुलिस में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना थाना सराईपाली एवं चौकी भंवरपुर क्षेत्र में पुलिस ने कई ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की। जिसमें थाना सरायपाली दो आरोपी सुमित्रा भारती पति स्व. जीवन भारती (51 वर्ष) नूनपानी थाना सराईपाली तथा दीपक रात्रे पिता रामलाल रात्रे (23 वर्ष) नूनपानी गंधेल डीपा थाना सराईपाली के कब्जे से 100 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कुल कीमत 20,000 रुपए, शराब निर्माण सामग्री तथा 600 किलो महुआ पास बरामद किया गया। वहीं भंवरपुर थाना अंतर्गत आरोपी मनोज जांगडे पिता महादेव जांगडे (27 साल) ग्राम बुंदेलाभाठा चौकी भंवरपुर थाना बसना के कब्जे से महुआ शराब 15 लीटर कीमत लगभग 3000 रुपए को बरामद किया गया।



## जहां पुस्तकें होंगी, वहां ज्ञान होगा, प्रत्येक विद्यालय में सशक्त पुस्तकालय निर्माण जरूरी : महादेव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

क्षेत्र में वैज्ञानिक चेतना और अनौपचारिक शिक्षा के लिए कार्यरत विज्ञान आश्रम कसेकेरा में देश के पांच महापुरुषों सम्राट अशोक, राहुल सांकृत्यायन, ज्योतिबा फुले, नकुल देव ढीढी और डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर रायपुर संभाग के कमिश्नर एमडी कावरे, पूर्व कमिश्नर दिलीप वासनिक, महासमुंद जिले से यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा में चयनित संजय डहरिया, भिलाई स्टील प्लांट के पूर्व सीजीएम एल उमाकांत, जीएम प्रभाकर खोबरागड़े, जीएम एसपी निगम, रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के बायो टेक्नोलॉजी विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर, डॉ शैलेश जाधव, आर्किटेक्ट अशोक ढवले, उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के अपर संचालक डॉ दयाशंकर जगत, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ विजय लहरे, सोशल जस्टिस एंड लीगल फाउंडेशन के कोफाउंडर अनिल बनज, छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के राज्य सचिव डॉ वायके सोना, शासकीय महिला महाविद्यालय महासमुंद के प्रो. जगदीश खटकर, कृषि वैज्ञानिक आरके आर्या, पूर्व बीईओ फ्रैंक अगस्टिन नंद, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल देवरी के प्रिंसीपल डीएस टंडन, मिडिल स्कूल कुलिया की हेड मास्टर मीना चंद्राकर, मिडिल स्कूल हाथीबाहरा के हेड मास्टर खेमचंद चक्रधारी, कसेकेरा मिडिल स्कूल के हेड मास्टर एवं इतिहासविद डॉ विजय शर्मा, भाषा वैज्ञानिक डॉ राजकुमार टंडन, प्रमोद चंद्राकर दरबेकेरा, अमृता जितेंद्र तावरकर, प्राचार्य तुलेंद्र सागर, दीनबंधु निराला, विज्ञान शिक्षक एवं एस्ट्रोनॉमी क्लब के सदस्य विजय जगत, डॉ विजय कुमार हाथीगढ़, व्यासनारायण बंजारे सुखरी डबरी सहित अनेक अतिथियों, शिक्षाविदों एवं अध्येताओं ने सहभागिता की।



इस अवसर पर आईएएस संजय डहरिया, डॉ. राजकुमार टंडन, डोमन सिंह टंडन एवं डॉ. विजय शर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष एवं विज्ञान आश्रम के संचालक विश्वास मेश्राम ने किया। उन्होंने गांवों में रिटायर्ड लोगों, शिक्षकों और वालंटियर्स से पहली से कॉलेज तक अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए समयदान करने का आह्वान किया। आभार प्रदर्शन विज्ञान आश्रम की संचालिका उषा मेश्राम ने किया।

**शादियों का सीजन शुरू होने की खबर से बाजारों में बढ़ रही भीड़**

## खरमास आज समाप्त, शादियों का सीजन होगा शुरू



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले के उन परिवारों के लिए खुशहाली का समय आ गया है जो लंबे समय से मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त का इंतजार कर रहे थे। 14 मार्च से लगा खरमास अब समाप्त होने जा रहा है। पंडितों के अनुसार, जब सूर्य मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करेंगे, तब खरमास की विदाई होगी और इसके अगले ही दिन यानी 15 अप्रैल से विवाह व अन्य मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाएगी।

ज्योतिषीय गणना के अनुसार, इस साल अप्रैल से लेकर दिसंबर तक विवाह के कई शुभ अवसर उपलब्ध हैं। अप्रैल माह में ही 15, 16, 20, 21, 25, 26, 27, 28, 29 और 30 तारीख को विवाह के मुहूर्त हैं। इसके अलावा आगामी महीनें मई, 1, 3, 5, 6, 7, 8, 12, 13, 14 तारीख, जून 19, 20, 21, 22, 24, 26, 27, 28, 29 तारीख, जुलाई 1, 2, 6, 7, 8, 11 तारीख, नवंबरः 20, 21, 24, 25, 26, 30 तारीख, दिसंबर 1 से 7 तारीख तक लगातार, फिर 9, 10, 11 और 12 तारीख तक रहेगी।

### अक्षय तृतीया पर विशेष उत्साह

जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अक्ती यानी अक्षय तृतीया का विशेष महत्व है। इसी दिन भगवान परशुराम का जन्मोत्सव भी मनाया जाता है। अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त माना जाता है, जिसका अर्थ है कि इस दिन किसी भी शुभ कार्य के लिए पंडित से मुहूर्त पूछने की आवश्यकता नहीं होती। जिले में इस दिन बड़ी संख्या में सामूहिक विवाह और सामाजिक आयोजन होने का अनुमान है।

### बाजारों में बढ़ी रौनक

शादियों का सीजन शुरू होने की खबर से शहर के साथ-साथ बागबाहरा, सरायपाली, पिथौरा और बसना के बाजारों में भारी भीड़ देखी जा रही है। साड़ी, सूट, पगड़ी और सोने-चांदी के गहनों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। लोग उपहार देने और घर की जरूरत के लिए फ्रिज, टीवी और सोफा सेट की बुकिंग कर रहे हैं। जिले के अधिकांश मैरिज पैलेस, होटल, कैटरर्स, लाइट-डेकोरेशन और बैंड-बाजा दल पहले से ही बुक हो चुके हैं। खरमास के कारण पिछले एक महीने से मांगलिक कार्यों पर लगी रोक हटने से जिलेवासियों में भारी उत्साह है। अब जल्द ही गांव-गली और शहर के चौक-चौराहों पर बैंड-बाजों की धुन और बारातों की रौनक दिखाई देगी।

## वर्षों से जमे कर्मचारी को मूल विभाग में भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

**महासमुंद।** वर्षों से पिथौरा राजस्व विभाग में जमे सहायक ग्रेड-2 के कर्मचारी को अंततः उनके मूल पद और विभाग में वापस भेज दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के विधानसभा में आदेश पर अटैचमेंट कर्मचारियों को मूल पद में वापस लिया गया है। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. तारा अग्रवाल ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री के स्पष्ट आदेशों के परिपालन में यह कार्रवाई की गई है। राजस्व विभाग में लंबे समय से संलग्न चंदर साहू (सहायक ग्रेड-2) को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर उनकी मूल शाखा (स्वास्थ्य विभाग) में वापस भेज दिया गया है।

## 20 हजार की अंग्रेजी शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** किराना दुकान के पास शराब बेच रहे एक व्यक्ति को सरायपाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 20 हजार रुपए की 167 नग अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। मामले में आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना मिली कि ग्राम आंवलाचक्का का रति राम सिदार अपने किराना दुकान के पास बरामदा में लोगों को अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस को आंवलाचक्का के कोंदा किराना स्टोर्स में एक व्यक्ति मिला, जिसने अपना नाम रति राम सिदार पिता अंजोर सिंह सिदार (56 वर्ष) आंवलाचक्का वार्ड नंबर 08 होना बताया। पुलिस ने संदेही के कब्जे से किराना दुकान के पास बरामदा में गोल्डन गोवा सुपीरियर अंग्रेजी शराब कीमत 20040 रुपए को बरामद कियाआरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### क्रूरतापूर्वक मवेशियों का परिवहन, दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** वाहन में क्रूरतापूर्वक मवेशियों को ठूंसकर परिवहन किए जाने के मामले में बसना पुलिस ने दो लोगों पर कार्रवाई की है। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4 बैलों को बरामद किया। पुलिस ने बताया कि मुखवीर से सूचना मिली कि दो छोटा हाथी वाहन में मवेशियों को क्रूरतापूर्वक ठूंसकर वाहन में जबरन भरकर बडेसाजापाली तरफ से ओडिशा कत्लखाना ले जाया जा रहा है। इसके बाद बडेसाजापाली रोड ग्राम झारबंद भंवरपुर पहुंचने पर दो छोटा हाथी वाहन में 02-02 मवेशियों को क्रूरतापूर्वक ले जाया जा रहा था। वाहन को रोककर पूछने पर संदेही अपना नाम छोटू सिंह राजपूत पिता लखन सिंह राजपूत (45 वर्ष) भटगांव एवं देवशरण राजेत्री पिता दरशराम राजेत्री (25 वर्ष) भटगांव थाना भटगांव जिला सारंगढ बिलाईगढ़ का रहने वाला बताए। आरोपियों के संयुक्त कब्जे से 04 नग बैल लाल एवं सफेद रंग के कीमत करीबन 100000 रुपए व दो वाहन, मोबाइल कुल रकम 676000 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपियो के विरूद्ध धारा 4, 6, 10 पशु क्रूरता अधिनियम 2004 के तहत कार्रवाई की गई।

**खबर संक्षेप**

### सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोसले को दी श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** देश की सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोसले के निधन पर नपा उपाध्यक्ष कक्ष में श्रद्धांजलि दी गई। इसमें नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष स्मिता चंद्राकर, पूर्व नपाध्यक्ष व पार्षद पवन पटेल, पार्षदगण शुभ्रा शर्मा, पीयूष साहू, माखन पटेल, कल्पना सूर्यवंशी, धनेंद्र चंद्राकर, पूर्व जनपद अध्यक्ष बागबाहारा हितेश चंद्राकर, भाजपा नेता हनीश बग्गा, पूर्व पार्षद उषा पाल, महेंद्र सिक्का ने दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

### भाजपा शहर मंडल का वार्ड चलो अभियान जारी

**महासमुंद।** भाजपा शहर मंडल के वार्ड चलो अभियान के तहत वार्ड क्र 12, 17, 19 में श्रीराम मंदिर प्रांगण में मुख्य अतिथि नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी थे। कार्यक्रम प्रभारी धनीराम यदु, दुर्गा चंद्राकर, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन वर्मा, भाजपा शहर मंडल उपाध्यक्ष ऋषभ बाफना, शरद मराठा, भाजपा नेता पवन साहू, चंद्रलेखा साहू, महेंद्र सिक्का, अर्चना चंद्राकर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद वार्डो में पैदल चलकर डोर टू डोर जनसंपर्क किया गया।



### देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम स्वागतेय

**महासमुंद।** भाजपा नेत्री अलका चंद्राकर ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2026 भारत के लोकतंत्र में एक क्रांतिकारी कदम है। इस विधेयक को पूर्व में अन्य दलों की सरकार द्वारा भी लाया गया, लेकिन निहित स्वार्थ के चलते इसे पारित नहीं कराया गया। महिलाओं को सिर्फ वोट बैंक के नजर से देखा गया, लेकिन यह अधिकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिलाया। समग्र रूप से अधिनियम महिलाओं के सम्मान स्वाभिमान सशक्तिकरण का अधिनियम है।

**निधन**

### मोहम्मद रशीद



**कोमाखान।** मुख्य मार्ग निवासी मोहम्मद रशीद (55 वर्ष) का 12 अप्रैल को निधन हो गया। सायं बाद स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। जहां सामाजिकजनों के अलावा बड़ी संख्या में नागरिक भी उपस्थित थे। वे मोहम्मद सरफराज (गोलू) व मोहम्मद इशाक (रेशु) के पिता थे।

# 'दादा नकुल देव' ढीढी समाज के अनमोल रत्न : मोहन

## प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा जिला स्तरीय आयोजन कर मनाई गई जंयती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुरु घासीदास जयंती की शुरुआत करने वाले भोंरिग निवासी दादा नकुल देव ढीढी मंत्री की 112वीं जयंती प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी के पदाधिकारियों ने गुरु घासीदास वार्ड के सांस्कृतिक भवन में प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे के मुख्य अतिथि व एसआर बंजारे की अध्यक्षता तथा सहसचिव दिनेश बंजारे, नूतन कुर्रे व जिला ब्लॉक अठगंवा के पदाधिकारियों की उपस्थिति में मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर उपस्थित प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे ने कहा कि दादा ने गुरु घासीदास जयंती की शुरुआत कर समाज को संगठित करने का बड़ा माध्यम दिया। वे तन-मन धन सब कुछ लगाकर जुनुनी तौर पर दिन रात पैदल गांव-गांव घूमकर गुरु घासीदास बाबा व डॉ भीमराव अम्बेडकर साहब के संदेशों का प्रचार प्रसार कर समाज को जागृत किया। जिसके बदौलत आज समाज में बड़ी बदलाव आया है। दादा ने सामाजिक विचारधारा से कभी समझौता नहीं



किया। जिसके कारण पूरे छत्तीसगढ़ में आज उन्हें याद किया जा रहा है। नहीं तो उस दौर में बड़े राजनीतिक दल के विधायक मंत्री बन गए होते। दिनेश बंजारे ने स्मरण करते हुए प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा दादा नकुल देव ढीढी के कार्यों का अनुकरण करने की बात कहीं। संगठन शिक्षा रोजगार के लिए काम कर रही है। दादा ने उस दौर में समाज के गरीब बच्चों को अपने खर्च पर पढ़ाया, आज हमारा संगठन पे बेक सोसायटी के माध्यम से जरुरतमंद बच्चों की मदद कर रहा है तथा उनके सपना के अनुरूप अठगंवा कमेटी के द्वारा सामाजिक नरनियाव भी बिना दंडबोडी के संवैधानिक रूप से निपटारा कर रहे हैं। एसआर बंजारे ने समाज में आ रही कुरीतियों को दूर करने सामाजिक पदाधिकारियों को पहल करने की अपील की। नूतन कुर्रे ने कहा कि संविधान लागू होने के बाद भी अनुसूचित जाति वर्ग के लिए नाई धोबी पौनी पसारी नहीं दिया गया था। जिसके लिए दादा ने संघर्ष किया और वे खुद आजीवन अपने बाल को बढ़ाए रखा।

उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने समाज में दादा नकुल देव ढीढी के विचारों पर चलने व संगठित करने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष विजय बंजारे, उपाध्यक्ष खोशिल गेंड्रे, सचिव रेखराज बघेल, कोषाध्यक्ष घनश्याम जांगड़े साहित्य प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के सोनटके, पवन कुर्रे, महासमुंद ब्लॉक सचिव गणेश टंडन, किशुन पाटले, शिक्षा प्रकोष्ठ से फनेंद्र बंजारे, महेंद्र बंजारे, राधेश्याम परमार, राधेश्याम निराला, नंदकुमार भारतद्वाज, अठगंवा परिक्षेत्र से संतोष जांगड़े खल्लारी, गोवर्धन बांधे, राकेश जांगड़े बेलसोंडा, राजेश मारकंडेय,बलौदा बाजार से सहदेव जोशी, बल्लर कुर्रे, रमेश बंजारे, दुलेश भारती रायपुर, लालदास गायकवाड़ पोखरा गरियाबंद, ओडिशा से लल्लू चेलक व समाज के लोग उपस्थित रहे।



### कृष्ण ने सामाजिक सम्मान और सुरक्षा देने के लिए सभी कन्याओं की रखी आस

**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के छठवें दिन की कथाव्यास पंडित रूपनारायण शर्मा ने वंश वृद्धि, सोलह हजार एक सौ आठ विवाह, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, रूखमणी मंगल विवाह परंपरा रस्म कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया। कथाव्यास ने बताया कि भागवत में यदुवंश, चंद्रवंश और सूर्यवंश के विस्तार का वर्णन है, जो दिव्य लीलाओं का आधार है। कथा में आत्मदेव के पुत्र धुंधकारी और गोकर्ण के प्रसंग के माध्यम से वंश की मर्यादा और कर्मों के महत्व को बताया है। इस अवसर पर आयोजक समिति के सदस्य हरीश यादव, विष्णु चंद्राकर, अशोक साहू, रोशन दास, संतोष सेन, रामा यादव, चंद्रिका यादव, बल्ला साहू, पूरन साहू, संतोष विश्वकर्मा, गोविंदा चंद्राकर, चमरू निषाद सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।



### अलका ने गिनाई सरकार की योजनाएं लाभ उठाने की अपील की

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी केंद्र एवं राज्य सरकार के निर्देशन अनुसार गांव चलो बस्ती चलो अभियान अंतर्गत जनसंपर्क किया। भाजपा नेत्री अलका चंद्राकर ने बताया कि ग्रामीणों के घर-घर जाकर उनसे व्यक्तिगत मुलाकात कर सरकार की उपलब्धि योजनाओं से अवगत कराया एवं लाभ उठाने की अपील की। अलका ने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार में जनता को अपने कार्यों के लिए दफ्तरों के चक्कर काटना पड़ता था, लेकिन भाजपा सरकार में प्रशासन शासन स्वयं जनता द्वारा तक पहुंच कर उनकी समस्या का समाधान कर रही है। इस अवसर पर पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक प्रीतम सिंह दीवान, मोनिका साहू, स्मिता चंद्राकर, संजय मालवे, रूपेश साहू, डिंपल ध्रुव, जानवी साहू, थान सिंह दीवान, लोकेश पनोरिया, नितिन जैन, भवन साहू, पीलेश्वर पटेल, दुबेलाल साहू, हेमंत सिन्हा, हरमीत बग्गा, आबिद खान, चंद्रशेखर ध्रुव, तुकाराम चंद्राकर, धनी मरकाम, विष्णु साहू, लालू वैष्णव, ट्विंकल चौहान आदि सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**बसना।** क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य लाभ के लिए 15 अप्रैल 2026 (बुधवार) को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक अग्रवाल नर्सिंग होम में एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में विभिन्न विभागों के अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। शिविर में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. मीरा एमडी (35 वर्षों का अनुभव), डॉ. रूद्र गायकवाड़ एमडी (शुगर, बीपी एवं किडनी रोग विशेषज्ञ), डॉ. रजनी एमडी (छाती रोग विशेषज्ञ), डॉ. देवेश अग्रवाल (नेत्र एवं मोतियाबिंद सर्जन) अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर में शुगर, बीपी, थायरॉइड, हार्मोन संबंधी समस्याएं, जोड़ों का दर्द, बुखार, निमोनिया, पीलिया, सर्दी-खांसी, सीओपीडी, अस्थमा, सिरदर्द, चक्कर, कमजोरी, नसों का दर्द एवं छाती रोग से ग्रसित मरीजों की जांच एवं उपचार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त नेत्र रोगों की जांच की जाएगी तथा मोतियाबिंद ऑपरेशन निःशुल्क किया जाएगा। शिविर में मरीजों के लिए निःशुल्क ईसीजी, ब्लड प्रेशर एवं शुगर जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। अन्य सभी जांचों पर 30% तक की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद मरीजों के लिए निःशुल्क जांच एवं उपचार की विशेष व्यवस्था भी की गई है। ऐसे मरीज इस सुविधा का लाभ लेने के लिए डॉ. अमित अग्रवाल से संपर्क कर सकते हैं। अधिक से अधिक मरीजों से इस शिविर का लाभ उठाने एवं इस जानकारी को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की गई है।






### राष्ट्रीय मछुआरा संघ की प्रदेश अध्यक्ष पद पर जानकी आदित्य नियुक्त, महिलाओं ने किया स्वागत

**सरायपाली।** राष्ट्रीय मछुआरा महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पद पर जानकी आदित्य की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति रायपुर में मछुआरा समाज के सभा में राष्ट्रीय मछुआरा संघ अध्यक्ष गायत्री गयगवाल द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर गायत्री द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि जानकी आदित्य को राष्ट्रीय मछुआरा महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से निश्चित रूप से महिलाओं में एक नया उमंग और उत्साह आएगा। क्योंकि, पूर्व में जानकी आदित्य युवा प्रकोष्ठ कहार समाज के प्रदेश के उपाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवा दे चुकी है। उक्त नियुक्ति से पूरा छत्तीसगढ़ प्रदेश के मछुआरा समाज एवं मछुआरा समाज के महिलाओं ने बधाई दी। साथ ही साथ सरायपाली मछुआरा समाज में खुशी की लहर दौड़ गई है। नगर आगमन पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने पटाखे फोड़ कर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके जानकी आदित्य ने पत्रकारों से कहा कि संगठन ने मुझे जिस भरोसे व विश्वास के साथ इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है उसे मैं बखूबी निभाऊंगी। संघ संगठन का विस्तार करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी प्रत्येक जिला में संघ संगठन जमीनी स्तर पर मजबूत है, उसे और मजबूत करूंगी। इसके अलावा संगठन से जुड़े पुराने अभिभावकों का मार्गदर्शन लेकर निरंतर पार्टी व जनता की सेवा करती रहूंगी।

# गांव चलो-घर चलो अभियान के तहत सुखीपाली में हुआ संवाद कार्यक्रम

## विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

गांव चलो-घर चलो अभियान के तहत ग्राम सुखीपाली में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। इस दौरान उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सरकार केवल योजनाएं बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें जमीन पर लागू करने के लिए भी काम कर रही है।

अभियान के दौरान विधायक ने गांव में घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की, बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और युवाओं को संगठन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों ने भी अपने विधायक का स्वागत कर क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के



लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि गांव चलो-घर चलो अभियान जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद और विश्वास को मजबूत करने का माध्यम है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, जनपद पंचायत पिथौरा अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरुषोत्तम धृतलहरे सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# जनपद सीईओ का आधार गाइड ने किया स्वागत, समस्याओं से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

जनपद सीईओ राजेश साहू का आधार गाइड द्वारा गुलदस्ता भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस मुलाकात के दौरान आधार से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। सरायपाली क्षेत्र के सभी आधार केंद्रों की स्थिति, कार्यप्रणाली और आम लोगों को मिलने वाली सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। बातचीत में यह भी सामने आया कि कई हितग्राहियों ने लंबे समय से अपना आधार अपडेट नहीं कराया है, जिसके कारण उनके आधार नंबर डीएक्टिव या निष्क्रिय हो रहे हैं। ऐसे मामलों में घबराने की बिल्कुल आवश्यकता नहीं है, क्योंकि उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में समाधान की प्रक्रिया लगातार जारी है।

जिन हितग्राहियों के आधार डीएक्टिव या कैंसिल हो गए हैं, उनके लिए जीवित प्रमाण पत्र, नाम एवं पता सत्यापन जैसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन तैयार कर यूआईडीएआई तथा जिला स्तर पर ईडीएम भूपेंद्र और जिला कोऑर्डिनेटर मूलचंद निषाद के माध्यम से हेड ऑफिस भेजा जा रहा है, जिससे आधार को पुनः सक्रिय किया जा सके। यह पहल उन सभी लोगों के लिए राहत लेकर आई है जो किसी कारणवश आधार सेवाओं से वंचित हो रहे थे।

साथ ही क्षेत्र के नागरिकों को यह भी जानकारी दी गई कि वे अपने नजदीकी आधार केंद्र में जाकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं और समाधान प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, महासमुंद जिले में एमबीयू कैंप का आठवां चरण 13 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें स्कूलों में विशेष रूप से बच्चों के आधार कार्ड अपडेट किए जाएंगे। यह अभियान भविष्य में आने वाली समस्याओं को रोकने और सभी बच्चों का आधार समय पर अपडेट सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




### बांसकांटा में माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**तेंदूकोना।** शासकीय प्राथमिक शाला बांसकांटा संकुल देवरी में अंगना में शिक्षा 5.0 पढ़ाई तिहार 2026 के अंतर्गत माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा में माताओं की भूमिका को सशक्त बनाना तथा उन्हें शिक्षण प्रक्रिया से जोड़ना था। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा माताओं के तिलक एवं पुष्प स्वागत से हुई, जिससे पूरे वातावरण में अपनत्व और सम्मान का भाव उत्पन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षिका दीपा महार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि माताएं बच्चों की प्रथम गुरु होती हैं, इसलिए उनका जागरूक और शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में पूर्व स्मार्ट माता जानकी निराला ने रसोई में उपलब्ध वस्तुओं जैसे आलू, टमाटर, चना आदि के माध्यम से भाषा और गणित सिखाने के सरल एवं रोचक तरीके साझा किए। संतोषी जांगड़े ने बच्चों को स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। वहीं चैनकुमारी निराला ने बताया कि रसोई में रोटी बनाते समय बच्चों को विभिन्न गणितीय आकृतियां सिखाई जा सकती हैं तथा कंकड़, आलू और मिर्ची जैसी वस्तुओं से गिनती और आकार की समझ विकसित की जा सकती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्रौपदी ढीढी एवं सहायिका धीरज निराला का विशेष योगदान रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन और नवाचार के लिए चैनकुमारी निराला को वर्ष 2026 की स्मार्ट माता घोषित कर सम्मानित किया गया। इस प्रकार का कार्यक्रम माताओं की सक्रिय भागीदारी और बच्चों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होता है।

# आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने वार्डों में गौवंशों के लिए रखा कोटना




**बागबाहरा।** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार बागबाहरा द्वारा बढ़ती गर्मी में गौवंश, गौ माता भैंस, कुत्ते व अन्य पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए राधा कृष्ण मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर नगर के 15 वार्डों में प्रत्येक वार्ड में दो कोटना रखने की पहल करते हुए 31 कोटना रखे गए हैं। जिससे बेजुबान जानवरों को तेज गर्मी में थोड़ी राहत मिल सके एवं प्यास बुझ सके। दूसरे चरण में आगामी रविवार को पुनः 31 कोटना रखा जाएगा। कोटना सेवा में आर्ट ऑफ लिविंग परिवार बागबाहरा के नंद कुमार ध्रुवंशी, जय कृष्णा बबलू सोनी, विकास अग्रवाल, सुरेश मोहंती, सुभाष वर्मा, राजेश यादव, संजय अग्रवाल, गजानन बुडेक, कृष्णा चंद्राकर, धनराज साहू, दानवीर शर्मा, पुखराज साहू, नरेश जैन, जीतराम साहू, डॉ राजेश कर, विद्या प्रसाद चंद्राकर, प्रहलाद मानिकपुरी, किशोर डहरवाल, गोपाल सोनवानी, राहुल कृष्ण श्रीवास्तव, विवेक जैन, राहुल सारडा, ललित मोनाडी आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने कार्यकर्ताओं संग सुना पीएम मोदी का संबोधन

## कहाः महतारी गौरव वर्ष बदलेगा महिलाओं की तकदीर

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तिकरण का नया अध्यायः विधायक डॉ. संपत

**बसना।** बसना विधायक कार्यालय में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष संबोधन 'नारी शक्ति वंदन' सुना। इस अवसर पर विधायक ने केंद्र व राज्य सरकार की महिला केंद्रित योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की और नारी शक्ति वंदन अधिनियम को भारतीय लोकतंत्र के लिए एक युगांतकारी कदम बताया। इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष नेता रमेश अग्रवाल, बसना नगर पंचायत उपाध्यक्ष व भाजपा विधि प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक शीत गुप्ता, मंडल अध्यक्ष बसना नरेंद्र यादव, महामंत्री भाजपा मंडल बसना सरोज पटेल, बाबा सुबेग सिंह, कोषाध्यक्ष भाजपा मंडल बसना अमृत



चौधरी, निज सचिव नरेंद्र बोरे, रिंकू ओबेरॉय, जसपाल सिंह, रज्जे सिंह, शिव प्रसाद, राम नरेश सिंह बघेल, राम अवतार सिन्हा, बृजेश सिन्हा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाई गई नकुल देव ढीढी की 112वीं जयंती

**महासमुंद।** तुमगांव स्थित भोरिंग चौक में मंत्री दादा नकुल देव ढीढी की 112वीं जयंती मनाई गई। समाज के नागरिकों, अतिथियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित जनसमूह ने उनके सामाजिक योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छग सतनामी मुक्ति केंद्र के प्रदेश अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार ढीढी ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए शिक्षा और स्व-रोजगार को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि मंत्री दादा नकुल देव ढीढी केवल सतनामी समाज के ही नहीं, बल्कि समूचे छत्तीसगढ़, अविभाजित मध्यप्रदेश और देशभर के पीड़ित, शोषित एवं वंचित वर्ग के अधिकारों के लिए सदैव आवाज उठाते रहे। उन्होंने शासन-प्रशासन के समक्ष समाज की समस्याओं को मजबूती से रखा। कार्यक्रम में संत शिरोमणि गुरु घासीदास के जीवन और उनके बताए सत्य एवं मानव कल्याण के मार्ग को भी याद किया गया। बताया गया कि सन 1935 में नकुल देव ढीढी ने ही सतनामी समाज में गुरु घासीदास के विचारों को पुनः जागृत करते हुए उनकी जयंती मनाने की परंपरा अपने गृह ग्राम भोरिंग से प्रारंभ की थी और जीवनभर सतनाम प्रचार-प्रसार में लगे रहे। इस अवसर पर सतनामी समाज से प्रथम चयनित आईएएस संजय कुमार डहरिया को छत्तीसगढ़ सतनामी मुक्ति केंद्र द्वारा श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। एसआई पद पर चयनित धालेंद्र कुमार भारती को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में त्रिभुवन महिलांग, एस चंद्रसेन, प्रकाश टंडन, सत्यानंद जेंडरे आदि मौजूद रहे।

# सात दिवसीय श्रीराम कथा का दिव्य प्रवाह, भक्तिमय हुआ बानीगिरोला

**सरायपाली।** क्षेत्र में इन दिनों धर्म, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना की दिव्य आभा से आलोकित हो उठी है। विकासखंड के बानीगिरोला में 10 से 16 अप्रैल तक आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव श्रद्धा, विश्वास एवं सनातन संस्कृति की जीवंत अभिव्यक्ति बनकर जनमानस को अनुप्राणित कर रहा है। महोत्सव का शुभारंभ भव्य एवं ऐतिहासिक कलश यात्रा के साथ हुआ। पारंपरिक करमा नृत्य, कीर्तन



मंडलियों की मधुर ध्वनि, घंट-घड़ियालों की गूंज एवं श्रद्धालुओं की विशाल उपस्थिति ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक उल्लास से भर दिया। कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब क्षेत्र की आस्था, श्रद्धा एवं समर्पण का अनुपम प्रतीक रहा। महोत्सव के द्वितीय दिवस पर संगीतमय श्रीराम कथा का दिव्य प्रवाह अत्यंत श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ निरंतर जारी है। कथा में भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, सत्यनिष्ठा, करुणा एवं कर्तव्यपरायणता का अत्यंत भावपूर्ण एवं प्रेरणादायी वर्णन किया जा रहा है। पं. अजय उपाध्याय (पर्चा वाले महाराज) के श्रीमुख से प्रवाहित कथा श्रोताओं को आत्मिक शांति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव करा रही है। उनके ओजस्वी एवं प्रभावशाली वचनों से श्रोतागण आत्मचिंतन एवं आत्मसुधार की दिशा में प्रेरित हो रहे हैं। संपूर्ण वातावरण भक्ति-रस से सराबोर होकर एक दिव्य आध्यात्मिक अनुभूति का सृजन कर रहा है।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
Piles Care Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### गुड शेफर्ड स्कूल में मनाई गई अंबेडकर की जयंती

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड स्कूल में संविधान निर्माता व भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः सभा से हुई, जिसमें पुष्प अर्पण पश्चात विद्यालय प्रधानाचार्य ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्षों और भारतीय संविधान के निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।



### दुर्गेश मंगलम मानस परिवार को प्रथम पुरस्कार

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें दुर्गेश मंगलम मानस परिवार को प्रथम पुरस्कार दिया गया। संतोषी चंद्राकर की ओर से 10001 रुपए व शील्ड प्रदान किया गया। इस दौरान जय बजरंगबली मानस मंडली के अध्यक्ष किशन लाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, सहसचिव संतोषी चंद्राकर, कलिंद्री चंद्राकर, गीता चंद्राकर आदि उपस्थित रहे।

### देवरी स्कूल में कक्षा पांचवीं के छात्रों को दी गई विदाई

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय देवरी में कक्षा पांचवीं के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानपाठक कंचन जांगड़े के मार्गदर्शन में सहायक शिक्षक मधु कुमार साहू, श्रीकांत जांगड़े एवं समस्त छात्र छात्राओं के सहयोग से विदाई समारोह हुआ। इस अवसर पर कक्षा चौथी की बालिका काजल का जन्मदिन मनाते हुए छात्र-छात्राओं और अतिथियों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। पांचवीं के सभी छात्रों को उपहार में थाली और चम्मच प्रदान किया गया। उपहार पाकर भावना टंडन, भूमिका निराला, हिमांशी, अन्नू, टिंकल, लतिका, हर्षिता, जयकुमार, गौरव, कुणाल, मनीष, तारिणी, तामेश्वर बहुत खुश नजर आए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हायर सेकेंडरी विद्यालय देवरी के प्राचार्य डोमन सिंह टंडन, व्याख्याता परस राम सिन्हा, भोज राम ध्रुव, बोडरीदादर के व्याख्याता स्वाति राव, विमल दीवान आदि मौजूद रहे। संचालन सत्य कुमार बरिहा ने किया।

# सुरमाल साहू समाज परिक्षेत्र क्रमांक 1 का हुआ शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

सुरमाल साहू समाज क्रमांक 1 द्वारा भक्त मां कर्मा की जयंती एवं नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिक्षेत्र के विभिन्न गॉवों से बड़ी संख्या में सामाजिकजन, वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं नागरिकगण तथा महिलाएं शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां कर्मा की आरती पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि येतराम साहू जिला अध्यक्ष भाजपा, अध्यक्षता प्रोफेसर ढालू राम साहू जिला अध्यक्ष जिला साहू संघ, प्रमुख अतिथि चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद, पूर्व जिलाध्यक्ष धरमदास साहू, निखिलकांत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महासमुंद एवं एवन साहू अध्यक्ष





तहसील साहू संघ बागबाहरा, विशेष अतिथि देवेश साहू जिला उपाध्यक्ष, महेंद्र साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ बसना, भूमि राम साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ सरायपाली, भेखलाल साहू पूर्व अध्यक्ष तहसील साहू संघ बागबाहरा, मोनिका साहू पूर्व सभापति जिला पंचायत, जान्हवी साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ बागबाहरा, चिंताराम साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ बागबाहरा, रेखराज साहू, खिलेश्वरी साहू संगठन सचिव तहसील साहू संघ बागबाहरा, परिक्षेत्रीय अध्यक्षगण प्रेशन साहू सुरमाल क्रमांक एक, प्रेमलाल साहू सूरमाल क्रमांक 3, मिलन साहू सूरमाल क्रमांक 4, मनोहर साहू टेमरी, चंदूलाल साहू खल्लारी, नोहरलाल साहू सिंघी, तुकाराम साहू झलप, रमेश साहू कौड़िया क्रमांक 2, प्रेमलाल साहू पूर्व अध्यक्ष झलप, नेपाल साहू सरायपाली, सरपंचगण सीमा साहू ग्राम पंचायत घोयनाबाहरा, रेवती साहू ग्रा.पं.बसुलाडबरी, अहिल्या देवी ग्राम पंचायत देवरी, अंजू साहू ग्राम पंचायत सिवनी कला सहित बड़ी संख्या में अतिथिगणों की उपस्थिति में तहसील अध्यक्ष एवन साहू ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष दुबे लाल साहू, उपाध्यक्ष मोहन साहू, पुन्नीबाई साहू, संगठन सचिव छेदू राम साहू, शांति बाई साहू, सचिव लालजी साहू, कोषाध्यक्ष कोमल चंद साहू, यादराम साहू, विष्णु साहू, घनश्याम साहू, छन्नू साहू, गिरवर साहू, जनक साहू, मोहित साहू, भीमा साहू, गेंदराम साहू, फिरत साहू, लोकेश साहू, चमन साहू, रामशरण साहू, यशोदा साहू, तुलेश्वरी, कुसुम साहू, चंद्रकांता साहू सहित सभी नवनिर्वाचित एवं नवनियुक्त पदाधिकारियों को सामाजिक गोपनीयता, एकता एवं अखंडता तथा निस्वार्थ भाव से समाज सेवा करने का शपथ दिलाया गया एवं वरिष्ठ समाजसेवियों को सम्मान किया गया

चर्चा : शहर में सामाजिक सद्भाव बैठक, विभिन्न क्षेत्र के 58 समाज के प्रबुद्धजन जुटे

# हमें अपने समाज की सुरक्षा और विकास के प्रति सदैव सजग रहना होगा: कौशलेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- 58 समाजों के प्रबुद्धजनों ने लिया सामाजिक समरसता का संकल्प

नगर में एक ऐतिहासिक सामाजिक सद्भाव बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के 58 विभिन्न समाजों के प्रबुद्धजनों ने एकजुट होकर सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत सामाजिक सद्भाव प्रमुख कौशलेंद्र प्रताप उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त कुरीतियों, धर्मांतरण जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक एकता को और अधिक सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता के छाया चित्र में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। अतिथि परिचय चंदन डड़सेना द्वारा कराया गया। सामाजिक सद्भाव बैठक की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए भूपेंद्र राठौड़ ने कहा कि आज का समय सामाजिक चुनौतियों का है। धर्मांतरण, सामाजिक कुरीतियां और हमारे आपसी सौहार्द में दरार डालने वाली परिस्थितियां, हमसे आज एक प्रश्न पूछ रही हैं कि क्या हम अपने राष्ट्र की नींव को सुरक्षित रखने के लिए तैयार हैं? आज की यह सामाजिक सद्भाव बैठक इसी प्रश्न का उत्तर है। हमारे ऋषियों ने कहा है कि 'संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम' अर्थात हम साथ चलें, साथ बोलें, और हमारे मन एक समान हों। जैनेंद्र चंद्राकर द्वारा धर्मध्वजा हाथ में, सब समाज साथ में, एकता के मंत्र हम गुंजाबो, भारत ल विश्व गुरु बनाबो गीत प्रस्तुत किया गया। समाज प्रमुखों द्वारा अपने-अपने समाज में किए गए उत्कृष्ट कार्य और समाज में हुए सकारात्मक परिणाम की जानकारी दी। सभी ने सामाजिक कुरीतियां समाप्त कर समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा, सौहार्द्र एवं सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि कौशलेंद्र प्रताप ने कहा कि भारत की शक्ति उसकी विविधता में निहित है। समाज में जब 58 समाज एक मंच पर बैठकर संवाद करते हैं, तो कोई भी भ्रांति या विभाजनकारी शक्ति हमारे बीच दूरी नहीं बना सकती। हमें अपने समाज की सुरक्षा और समाज के विकास के प्रति सदैव सजग रहना होगा। उन्होंने कहा कि पंगत हमें 'समानता सिखाती है और संगत हमें 'संस्कार'। जब पंगत में प्रेम का स्वाद और संगत में राष्ट्रवाद का विचार मिल जाता है, तब समाज में सामाजिक सद्भाव का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि समाज की चुनौतियों का समाधान एक बार की बैठक में नहीं होता, बल्कि यह निरंतर संवाद की प्रक्रिया है। हमारा यह बैठक आज समाप्त हो जाएगा लेकिन हमारा 'मिशन सद्भाव' आने वाले समय में और अधिक प्रवाह के साथ गतिमान हो ऐसा उपक्रम करना होगा।

बैठक में क्षत्रिय राजपूत समाज, ब्राह्मण समाज, ध्रुव गोंड समाज, रावत समाज, वैष्णव समाज, गोस्वामी समाज, सिन्हा कलार समाज, कोलता समाज, अघरिया समाज, गांड़ा समाज, सिख समाज, सतनामी समाज, मराठा समाज, मरार पटेल समाज, साहू समाज, धोबी कन्नौजे समाज, निषाद समाज, सेन नाई समाज, जैन समाज, माहेश्वरी समाज, चंद्राकर कुर्मी समाज, कुम्हार समाज, वर्मा समाज, पटवा नामदेव, कसार समाज, कायस्थ समाज, रविदास समाज, गुजराती समाज, वाल्मीकि समाज, उत्कल समाज, सोनी स्वर्णकार समाज, सोनकर समाज, देवार समाज सहित 58 समाज प्रमुखों और प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन उमेश भारती गोस्वामी और आभार प्रदर्शन राजेश डड़सेना ने किया। राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम के सामूहिक गान से साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। महासमुंद में एकता का एक नया अध्याय लिखते हुए पंगत व संगत की अवधारणा को सार्थकता प्रदान करते सभी समाज के प्रतिनिधियों ने एक मंच पर सामूहिक भोजन ग्रहण किया।

इस अवसर पर यज्ञराम सिदार, महेश चंद्राकर, भगोली राम साहू, घनश्याम सोनी, ठाकुर राम, दयामणि सिदार, नीलेश पटेल, गोवर्धन प्रधान, संतोष ध्रुव, गुलाब सेन, राधेश्याम सोनी, रामेश्वर गन्नू साहू, मिथिलेश बोयर, प्रांशु चंद्राकर, सुदेश कन्नौजे, चन्द्रहास चंद्राकर, द्वारिका चंद्राकर, टेकराम सेन, ढालू राम साहू, किरण कन्नौजे, राजेश शर्मा, पवन पटेल, महेंद्र जैन, बसंत लूनिया, मुकेश श्रीवास्तव, खेमूराम सोनकर, दीप अग्रवाल, भागवत जगत भूमिल, रेखा तांडी, उत्तरा प्रहरे, सुमित सिंह, दानेश्वर सिन्हा, श्रेयांश चोपड़ा, गोवर्धन प्रधान, नारायण सिंह, जयराम पटेल, नैना श्रीवास्तव, संजना नामदेव, ज्योति लड्ढा, राहुल चंद्राकर, पप्पू पटेल, गोपी कन्नौजे, मेघराज चंद्रसेन, डीसी राव भोसले, गुरजीत सिंह चावला, खिलावन यादव, भरत सिंह कसार, बुद्धेश्वर सोनवानी, प्रदीप वर्मा, खगेश्वर पटेल, अशोक चक्रधारी, सुरेंद्र दास, सितेश सोनी, फकीर सोनी, देवदत्त चंद्राकर, संजीव कुमार राजा, खिलावन मेहरा, सुरेंद्र वैष्णव, भीखम ठाकुर, मनोहर महंती, राजेश प्रजापति, हुलसी चंद्राकर, कल्पना सिन्हा, राजेंद्र राव घाडगे, राजू मिर्धा, दीपक तिवारी, उत्तम वर्मा, चंदा टावरी, अनिता सिन्हा मौजूद रहे।





**सर्व समाज ने समरसता बनाए रखने का लिया संकल्प**

बैठक में उपस्थित सभी समाजों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में सामाजिक समरसता बनाए रखने का संकल्प लेते हुए प्रति तीन माह में एक बार इस तरह का बैठक रखने की बात कही। सभी ने प्रण किया कि वे अपने-अपने स्तर पर आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश प्रसारित करेंगे और राष्ट्र की अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध रहेंगे। उक्ताशय की जानकारी सामाजिक सद्भाव आयोजन समिति की ओर से राजेश डड़सेना व चंदन डड़सेना ने दी।

### हर घर जल योजना से ग्राम पंचायत छिबर्रा के 278 घरों में पहुंच रहा स्वच्छ पेयजल

**महासमुंद।** जिले के विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत छिबर्रा में हर घर जल के सफल क्रियान्वयन से ग्रामीणजनों के जीवन में खुशहाली आई है। 30 दिसंबर 2025 को ग्राम छिबर्रा ने हर घर जल प्रमाणीकरण पूर्ण कर यह उपलब्धि हासिल की है। गांव के कुल 278 घरों में नल कनेक्शन प्रदान कर प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया। यह केवल घरों तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्राम पंचायत के स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल एवं आंगनवाड़ी जैसे सभी सार्वजनिक संस्थानों में भी नल कनेक्शन उपलब्ध कराए गए, जिससे संपूर्ण गांव को स्वच्छ जल की सुविधा प्राप्त हो रही है। इस उपलब्धि में ग्राम पंचायत का नेतृत्व एवं ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रहा है। सरपंच नंदनी दीवान एवं पंचायत सचिव लोकेश पटेल के मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन को प्रभावी रूप से लागू किया गया।

योजना के सफल संचालन एवं दीर्घकालिक रखरखाव के लिए ग्राम स्तर पर ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति का गठन किया गया है। समिति द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा, पिथौरा में बैंक खाता संचालित किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक परिवार से 60 रुपए प्रतिमाह जलकर के रूप में संग्रह किया जाता है। यह व्यवस्था योजना की स्थिरता एवं निरंतरता सुनिश्चित करने में विशेष भूमिका निभा रही है। परियोजना की कुल लागत 113.30 लाख रुपए रही, जिसके अंतर्गत 60 किलोलीटर क्षमता की उच्च स्तरीय पानी टंकी का निर्माण एवं लगभग 1520 मीटर पाइपलाइन बिछाकर सुदृढ़ जल वितरण प्रणाली विकसित की गई है। इस योजना से लाभान्वित हितग्राही सुकृति बताती हैं कि अब उन्हें स्वच्छ पानी के लिए दूर नहीं जाना पड़ता, जिससे समय की बचत के साथ-साथ स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ है।

### सांसद ने पीएम आवास हितग्राहियों को अनुज्ञा प्रमाण पत्र बांटे

**महासमुंद।** महासमुंद लोकसभा एवं प्रथम महिला सांसद रूपकुमारी चौधरी ने वार्ड चलो, घर चलो अभियान के अंतर्गत वार्ड न 25, 26, 30 के नागरिकों से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की तथा लाभार्थियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली। भाजपा शहर मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद चौधरी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही को अनुज्ञा प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। महिला मोर्चा प्रदेश सदस्य सुजाता विश्वनाथन ने भी सभा को सम्बोधित करते हुए योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, मनीष बंसल, भाऊ राम साहू, पीयूष साहू, धनेश्वरी सोनवानी, उत्तर प्रहरे, प्रदेश सदस्य छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश मीडिया प्रभारी एमआर विश्वनाथन, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा अमन वर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पलता चौहान, जिला अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर, पार्षद गण चंद्रशेखर बेलदार, माखन पटेल प्रीति बदल मक्कड़, भारती चंद्राकर, कल्पना सूर्यवंशी, राजेंद्र चंद्राकर, बादल मक्कड़, प्रशांत श्रीवास्तव, हनीफ बग्गा, गोविंद ठाकुर, खुशाल साहू, प्रदेश कार्यकारणी निरंजना शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा का सुरेखा कंवर, पूर्व पार्षद मनीष शर्मा, शहर मंडल मंत्री लक्ष्मी साहू, युवा मोर्चा मंत्री गीतिका सोनी आदि मौजूद रहे।



# बागबाहरा में एक्यूप्रेशर एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गायत्री शक्तिपीठ बागबाहरा में सात दिवसीय एक्यूप्रेशर, मैग्नेट थेरेपी एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन 5 अप्रैल से 11 अप्रैल तक किया गया। शिविर का समापन 11 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे हुआ।

समापन समारोह में गायत्री परिवार ट्रस्ट बागबाहरा के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी विश्वनाथ अग्रवाल एवं सीआर यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर शक्तिपीठ के ट्रस्टीगण केशव चंद्राकर, जनक राम साहू, अक्षय साहू, वासुदेव भाले, महेंद्र सिंह ठाकुर एवं ओम कुमार दीवान सहित अनेक गायत्री परिजन एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गजानंद सिंह ठाकुर, तुकाराम साहू, राकेश कुमार साहू, रमाकांत सोनी, भागवत दीवान, जगत राम दीवान, संजय अग्रवाल, ओम प्रकाश साहू, आरपी दुबे, रघुनंदन देवांगन, मंगलू सोनवानी, शशिप्रभा साहू, लोचन दीदी एवं रिम्पा सोनवानी की उपस्थिति रही। शिविर का संचालन गायत्री शक्तिपीठ के परिव्राजक सुखन लाल साहू के सहयोग से हुआ। समापन अवसर पर अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथियों द्वारा शिविर में सेवा प्रदान करने वाले शिविर संचालक डॉ. वीआर चौधरी एवं डा देवाराम जाखड़ को सम्मान पत्र एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।






# सशिमं में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में घोषित किया गया। विद्यालय के प्रांगण में आयोजित परीक्षा फल वितरण समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनिल पुरोहित (सदस्य विद्यालय संचालन समिति), कार्यक्रम अध्यक्ष रामजी तिवारी (कोषाध्यक्ष विद्यालय संचालन समिति) एवं विशेष अतिथि के रूप में विद्यालय के प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर ने भारत माता, ओम एवं सरस्वती माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यापर्ण कर किया गया ।

विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 93 प्रतिशत रहा, जिसमें भैया-बहनों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता का लोहा मनवाया। कक्षा प्रथम से एकादश तक के परिणामों में बालिकाओं ने एक बार फिर बाजी मारी है। परीक्षा प्रमुख अनिमेश शर्मा द्वारा घोषित परिणामों के अनुसार विभिन्न कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में प्राथमिक विभाग (कक्षा 1-4) कक्षा प्रथम में तपस्वी चंद्राकर, द्वितीय में रिया कुमार, तृतीय में हिमांशु चंद्राकर और चतुर्थ में हिमांशु गुप्ता ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर श्रेष्ठता सिद्ध की। पूर्व माध्यमिक विभाग (कक्षा 6-8) कक्षा षष्ठ गिरीशा यादव, सप्तम ओम साहू ने विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उच्च माध्यमिक विभाग (कक्षा 9 एवं 11) कक्षा नवम दिप्ती यादव, एकादश (विज्ञान/वाणिज्य) में निधि साहू और ममता साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पुरोहित ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति और संस्कारों की शिक्षा भी देता है। आज के परिणाम बच्चों की कड़ी मेहनत और आचार्यों के कुशल मार्गदर्शन का प्रतिफल हैं। विद्यालय के प्राचार्य निर्मलकर ने सभी सफल विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया, जो कुछ अंकों से पीछे रह गए। उन्होंने आगामी सत्र के लिए लक्ष्य आधारित शिक्षा पर जोर दिया। कार्यक्रम की इस कडी में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान एवं सर्वाधिक उपस्थिति प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अभिभावकों ने आचार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।







